# शूटिंग में शुभम व हितेश ने बाजी मारी

■ एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़ : अग्रवाल कॉलेज की शूटिंग रेंज में 7 नवंबर से चल रही एमडी यूनिवर्सिटी रोहतक की चार दिवसीय इंटर कॉलेज शूटिंग चैंपियनशिप गुरुवार को सम्पन्न हो गई। 10 मीटर एयर पिस्टल में शुभम बैंसला ने पहला, डीएवी कॉलेज के हरदीप व अग्रवाल कॉलेज के शुभम ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। एयर राइफल में एमडी यूनिवर्सिटी (यूटीडी) के हितेश मलिक पहले, एसडीएस कॉलेज (सोनीपत) के मयंक दूसरे और जाट कॉलेज (रोहतक) अंकित रंधावा तीसरे पायदान पर रहे। 10 मीटर एयर राइफल के महिला प्रतिस्पर्धा में जाट कॉलेज की धृति पहला, अंतिल ने दूसरा और एमकेजे महाविद्यालय रोहतक की काजल ने तीसरा स्थान हासिल किया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने विजेताओं को बधाई दी।



एमडी यूनिवर्सिटी की चार दिवसीय शूटिंग चैंपियनशिप संपन्न